भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 253
21 जुलाई, **2023** को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

टेलीमेडिसिन सेवा

253. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री जी. सेल्वम:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में नि:शुल्क टेलीमेडिसिन सेवा लागू करते समय सरकार के सामने आ रही चुनौतियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नि:शुल्क टेलीमेडिसिन सेवा ने अब तक 10 करोड़ से अधिक टेली-परामर्श का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सरकार को किन-किन बाधाओं का सामना करना पड़ा;

(ग) महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार अब तक ई-संजीवनी योजना के तहत टेलीपरामर्श का लाभ उठाने वाली महिलाओं और वरिष्ठ नागरिक लाभार्थियों की संख्या क्या है;

(घ) क्या सरकार ने वह उद्देश्य प्राप्त कर लिया है जिसके लिए ई-संजीवनी लॉन्च की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में इस सेवा का लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या क्या है और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं;

(च) महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार देश में टेलीमेडिसिन सेवाओं से जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की संख्या क्या है; और

(छ) सरकार द्वारा टेलीमेडिसिन के माध्यम से तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) से (छ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने ई-संजीवनी नामक टेलीमेडिसिन एप्लीकेशन विकसित किया है जो डॉक्टर से डॉक्टर तथा रोगी से डॉक्टर परामर्श उपलब्ध कराता है।

यह एप्लीकेशन हब एंड स्पॉक मॉडल पर कार्य करता है जिसमें विशेषज्ञों सहित डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) में सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा, सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग ई-संजीवनी की ओपीडी माड्यूल के माध्यम से भी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

19 जुलाई, 2023 की स्थिति के अनुसार, 13,91,61,458 टेली परामर्श प्रदान किए गए हैं जिनमें 1,10,12,570 वरिष्ठ नागरिकों और 5,22,15,224 महिलाओं ने ई-संजीवनी एप्लीकेशन के माध्यम से टेली परामर्श प्राप्त किया है। इसकी राज्यवार स्थिति अनुलग्नक क पर उपलब्ध है।

देशभर में टेलीमेडिसिन सेवाओं सहित डिजिटल स्वास्थ्य पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सभी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को स्वास्थ्य आईटी अवसंरचना और इंटरनेट कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। टेलीमेडिसिन सेवाओं के सुरक्षित और सुनिश्चित कार्यान्वयन की प्रक्रिया में सहायता प्रदान करने के लिए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 25 मार्च, 2020 को टेलीमेडिसिन पद्धति दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

14 जुलाई, 2023 की स्थिति के अनुसार, देश में कुल 2,08,569 स्पॉक्स (स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित) को टेलीमेडिसिन सेवाओं से जोड़ा गया है। इसकी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार सूची अनुलग्नक ख पर है।

अनुलग्नक-क

ईसंजीवनी टेलीकंसल्टेशन			
क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**वरिष्ठ नागरिकों को टेली -परामर्श प्रदान किया गया**	**महिलाओं को टेली-परामर्श प्रदान किया गया**
	कुल	**11012570**	**52215224**
1	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	27	107
2	आंध्र प्रदेश	3417706	13786141
3	अरुणाचल प्रदेश	111	823
4	असम	85758	604677
5	बिहार	355211	3335413
6	चंडीगढ़	3390	27223
7	छत्तीसगढ	126413	653683
8	दादर और नगर हवेली दमन और दीव	5567	37462
9	दिल्ली	4524	10113
10	गोवा	86	334
11	गुजरात	221676	1170727
12	हरियाणा	23995	156393
13	हिमाचल प्रदेश	47302	187867
14	जम्मू एवं कश्मीर	36687	241258
15	झारखंड	60829	470606
16	कर्नाटक	617173	3231645
17	केरल	78967	269983
18	लद्दाख	6815	23913
19	लक्षद्वीप	85	307
20	मध्य प्रदेश	256809	2000043
21	महाराष्ट्र	699201	2319499
22	मणिपुर	8538	26448
23	मेघालय	9444	58773
24	मिजोरम	1123	3520
25	नगालैंड	211	520
26	ओडिशा	140974	634802
27	पुदुचेरी	412	934
28	पंजाब	58320	247623
29	राजस्थान	79424	429241
30	सिक्किम	3713	11493
31	तमिलनाडु	1327268	6294506
32	तेलंगाना	575559	3740027
33	त्रिपुरा	4684	16925
34	उत्तर प्रदेश	397042	3307987
35	उत्तराखंड	78707	397366
36	पश्चिम बंगाल*	2278819	8516842

अनुलग्नक-ख

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कुल स्पोक (एचडब्ल्यूसी/पीएचसी)**
कुल		**208569**
1	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	59
2	आंध्र प्रदेश	21236
3	अरुणाचल प्रदेश	154
4	असम	4638
5	बिहार	18209
6	चंडीगढ़	94
7	छत्तीसगढ	6850
8	दादर और नगर हवेली दमन और दीव	140
9	दिल्ली	0
10	गोवा	17
11	गुजरात	15553
12	हरियाणा	2054
13	हिमाचल प्रदेश	2489
14	जम्मू और कश्मीर	2918
15	झारखंड	2894
16	कर्नाटक	15107
17	केरल	2952
18	लद्दाख	339
19	लक्षद्वीप	11
20	मध्य प्रदेश	16930
21	महाराष्ट्र	14153
22	मणिपुर	376
23	मेघालय	831
24	मिजोरम	258
25	नगालैंड	129
26	ओडिशा	9675
27	पुदुचेरी	93
28	पंजाब	2728
29	राजस्थान	8440
30	सिक्किम	284
31	तमिलनाडु	12801
32	तेलंगाना	10996
33	त्रिपुरा	809
34	उत्तर प्रदेश	24935
35	उत्तराखंड	1432
36	पश्चिम बंगाल	7985

*****